Title: Need to bring legislation for early creation of separate Chhattisgarh State from State of Madhya Pradesh.

14.39 hrs.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश राज्य से रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, राजनंदगांव, बस्तर, सरगुजा, दुर्ग आदि पुराने जिले को निकाल कर पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाने हेतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा सर्वसम्मति से संकल्प प्रस्ताव पास कर केन्द्र सरकार की मंजूरी हेतु भेजा जा चुका है। उक्त प्रस्ताव में नए ि वद्युत बोर्ड तथा नए खंडपीठ की स्थापना करने की सिफारिश नहीं की गई।

पृथक छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत बोर्ड एवं खंडपीठ को शामिल करते हुए एक विधेयक इसी सत्र में लोक सभा में पेश और स्वीकृत करके जल्द से जल्द पृथक छत्तीसगढ राज्य बनना चाहिए।